हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 कलेक्टर श्रोत्रिय उतरे मैदान में प्रभावित...



09 सीप का जल स्तर सामान्य,फिर भी बस्तियों...



## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्रा. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 143 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 जुलाई दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी, यूरिक एसिड, बॉडी मास, मास पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 22 जुलाई तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### गढ़ाकोटा का रहस मेला मध्यप्रदेश के वार्षिक कला पंचांग में शामिल

**गढाकोटा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गढ़ाकोटा, जिला सागर में की गई घोषणा के आधार पर गढ़ाकोटा जिला सागर में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक रहस मेले का संचालन संस्कृति विभाग के माध्यम से स्थाई रूप से किया जायेगा। बता दें कि रविभाग अंतर्गत संस्कृति संचालनालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक कला-पंचांग में गढ़ाकोटा में आयोजित होने वाले रहस मेले को सम्मिलित कर लिया गया है।

### तुलसी फाउंडेशन की कांवड़ यात्रा की बैठक आज

**सागर।** तुलसी फाउंडेशन सागर की कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर 20 जुलाई दिन -रविवार को दोपहर 3 बजे भोपाल रोड स्थित सरस्वती मैरिज गार्डन में मां नर्मदा जी के अनन्य भक्त कथा वाचक पंडित केशव गिरी महाराज के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित की गई है। कांवड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सागर में प्रतिवर्ष श्रावण मास में निकलने वाली तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है । कथावाचक पंडित केशव गिरी महाराज यात्रा को भव्य दिव्य गरिमामय बनाने मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में अभी तक हुई तैयारियां के संबंध में चर्चा होगी और यात्रा को और भव्यता देने के संबंध विचार विमर्श किया जायेगा। यात्रा संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर एवं तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने समस्त धर्मप्रेमी वधुओं एवं शिवभक्तो से बैठक शामिल होने की अपील की है।

### महापौर ने पार्षदों के साथ एसटीपी का निरीक्षण किया

**सागर।** महापौर संगीता सुषील तिवारी ने पथरिया हॉट स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने एस.टी.पी.में शहर के गंदे पानी को स्वच्छ कर उपयोगी बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और संयंत्र के संचालन के दौरान स्थानीय समस्याओं के संबंध में सुपरवाईजर जानकारी दी जिसे महापौर ने शीघ हल कराने का आश्वासन दिया।

### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 28 जुलाई को

**सागर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यकम का आयोजन 28 जुलाई को सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

## समीक्षा बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए

# अधिकारी ईमानदारी से कार्य करें, आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और तत्परता से समस्याओं का निराकरण करें : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर कमिश्नर सुचारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही अपर कलेक्टर एचबी शर्मा ने कमिश्नर सुचारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात कमिश्नर सुचारी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए।

समीक्षा बैठक में कमिश्नर सुचारी ने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांतरण, बटवारा कार्यों मे गति लाएं। एसडीएम अपने न्यायालय के दिन निश्चित करें तथा लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करें। सीमांकन को क्रमानुसार करें। स्वामित्व योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाएं। एसएलआर नक्शे विहीन गांव, जीर्णशीर्ण गांव के नक्शे तैयार करें, कोई भी गांव नक्शा विहीन नहीं रहना चाहिए। समग्र ई-केवाइसी की समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यों की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कमिश्नर सुचारी ने जिले की गौशालाओं के संचालन की समीक्षा कर निर्देश दिए कि गौशालाओं का संचालन बेहतर तरीके से हो, गौशाला में गौवंश को कोई हानि नहीं पहुंचे, गौशाला की नियमित साफ-सफाई, पानी व बिजली की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करें एवं अधिकारी गौशालाओं का सतत निरीक्षण करें।

बैठक में कमिश्नर अनिल सुचारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बीएमओ और महिला बाल विकास के अधिकारी समग्र रूप से आशा, सीएचओ एवं एएनएम की लगातार बैठक करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों एवं उनके परिवार के सदस्यों से अच्छा व्यवहार करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश रेबीज घटक बीमारियों की दवा उपलब्ध रहे। आरोग्य मंदिर में दवाओं की उपलब्धता रहे। स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर्स आवश्यक रूप से उपस्थित रहें। समय से आगनवाड़ी केन्द्र खुलें व व्यवस्थाऐ दृष्ट हो। अधिकारी मुख्यालय पर रहे। कर्मचारियों की उपस्थिति की मॉनीटरिंग करें। योजनाओं की लक्ष्य प्राप्ति को ध्यान में रखकर कार्य करे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रों तक समय से पुस्तकें और साइकिल पहुंचे। उन्होंने किसानों को खाद, बीज और दवाइयों को उपलब्ध कराने एवं धोकाधड़ी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही और एफआईआर कराने के निर्देश दिए। उन्होने ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि विद्युत की कटौती कम से कम हो, विद्युत की शिकायतों का निराकरण तेजी से करें। निर्माण कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि पुराने निर्माण कार्य लंबित न रहे और नए निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी ईमानदारी, व्यवहार कुशलता से कार्य करें, आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और तत्परता से उनकी समस्याओं का निराकरण करें। अधिकारी जिला मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करे। अधिकारी भ्रमण सुनिश्चित करें और संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के कार्यों की सतत निगरानी करें। उन्होंने शासकीय विद्यालयों के लगातार दौरे करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एचबी शर्मा, एसडीएम अनुराग निगवाल, सतीश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री विनीता जैन, राजेन्द्र मिश्रा, तहसीलदार, जनपद सीईओ, निकायों के सीएमओ, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति का वितरण सुनिश्चित कराएं

कमिश्नर सुचारी नें गांव की बेटी योजना और प्रतिभाकिरण योजना की लंबित छात्रवृत्ति का वितरण प्रतिभावान छात्राओं को शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है की प्रतिभावान छात्राओं को उनकी लंबित छात्रवृत्ति का वितरण आगामी 15 दिवसों में करें और इसकी जानकारी कमिश्नर कार्यालय को मुहैया कराएं।



## अवैध रूप से स्टॉक में रखा गया खाद भंडार केंद्र को किया गया सील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर सागर एसडीएम अदिति यादव के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारण करने पर खाद भंडार केंद्र को सील किया गया है और आगे की पुलिस कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम अदिति यादव ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से खाद का भंडारण या कालाबाजारी नहीं होना चाहिए जिसके परिपेक्ष में लगातार निगरानी की जा रही है । इसी परिपेक्ष में आज शाहपुर में संयम जैन के द्वारा शाहपुर में, सत्यम टेंडर्स के द्वारा अपने दुकान के भंडारण कमरों में डीएपी, पोटाश का भंडारण किया गया है। विक्रेता के पास 500 बोरी से अधिक डीएपी एवं 50 बोरी से अधिक यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया, साथ ही विक्रेता के द्वारा यूरिया 266 रुपए कीमत बाली यूरिया 450 रुपए से अधिक की कीमत में बेचना भी पाया गया। उक्त फर्म अधिकृत विक्रेता है किंतु भंडारण में पाई गई खाद के आवक की रसीदें नहीं है तथा श्रोत से भेजी गई खाद का कोई प्रमाण नहीं है। पीओएस मशीन में आवक भी प्रदर्शित नहीं हो रही है किसी भी प्रकार की साक्ष्य उपलब्ध न होने पर भंडार केंद को सील किया जा रहा है तथा पुलिस कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी के साथ राजस्व, कृषि और पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।



## उप निर्वाचन 22 जुलाई को : स्टेट आईकॉन सारिका घारू ने किया जागरूकता गतिविधियों का आयोजन

**सागर।** जिले में 22 जुलाई को 16 मतदान केंद्रों में पंचायत एवं जनपद पंचायत हेतु मतदान पेपरलेस तरीके से कराए जाएंगे । नवाचार के रूप मे पायलेट प्रोजेक्ट के अतर्गत होने जा रहे इस पेपरलेस चुनावों के बारे मे स्टेट आईकॉन सारिका घारू ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर के मार्गदर्शन मे जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया । स्टेट आईकॉन सारिका घारू ने बताया कि इस नवीन प्रकिया में निर्वाचक नामावली, मतदाता पर्चियाँ, मतदाता रजिस्टर एवं विभिन्न प्रारूप लैपटॉप में फीड रहेंगे । प्रत्येक मतदान केंद्र में टीवी स्क्रीन रहेगा, जैसे ही मतदाता पर्ची के सरल क्रमांक को चुनाव डयूटी के अधिकारी मिलान करेंगे, सामने टीवी पर मतदाता की फोटो सहित अन्य जानकारी दिखने लगेगी जिसे एजेट भी पहचान सकते हैं, यह वही व्यक्ति है जो वोट देने आया हैं। इस तरह पोलिंग बूथ से संबंधित जानकारी, मतदाता को सर्च करना, डिजिटल साइन एवं थंब डिवाइस के उपयोग द्वारा समस्त प्रपत्र डिजिटल फॉर्मेट में तैयार किए जाएंगे। कागजी कार्यवाही से मुक्त इस नवीन व्यवस्था से चुनाव अधिक पारदर्शी , सुलभ और विश्वसनीय बनेंगे ।



## बालश्रम व बंधक श्रम नियोजित करने बाले संस्थानों पर करें सख्त कार्यवाही : अपर कलेक्टर उपाध्याय

**सागर।** जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फ़ोर्स एवं जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष सागर में आज आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय द्वारा की गई, जिसमे उन्होंने बाल श्रम अंतर्गत टास्क फ़ोर्स समिति के सदस्यों को मासिक कैलेंडर तैयार कर निरिक्षण/जनजागरण करने के निर्देश दिए, ईट भट्टा, ढाबा होटल एवं समस्त ऐसे संस्थान जहाँ बाल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है, अधिनियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बंधक श्रम अधिनियम अंतर्गत खंड स्तरीय सतर्कत समिति की नियमित बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर उपाध्याय द्वारा बाल एवं बंधक श्रम की कुप्रथा को समाप्त करने हेतु अंतर्विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी को निर्देशित किया गया। बैठक में ज्योति पाण्डेय दुबे, जिला श्रम अधिकारी, सुश्री सृष्टि तिवारी जिला श्रम अधिकारी, जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष किरण शर्मा, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य अनिल रैकवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भारत सिंह राजपूत, संयुक्त संचालय सामाजिक न्याय विभाग डी एस यादव, आदिम जाति कल्याण विभाग डॉ अशफाक अहमद, जिला शिक्षा अधिकारी सागर विशेष किशोर पुलिस इकाई से श ज्योति तिवारी, जिला बंधक श्रम सतर्कता समिति के सदस्य एड. नरेंद्र अहिरवार उपस्तिथ रहे।

## बीज से वृक्ष बनने की यात्रा ही आत्मनिर्भरता से स्वावलंबन की यात्रा है : डॉ अनिल तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जैन दिगम्बर महिला उमा विद्यालय लक्ष्मीपुरा एवं स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय सागर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण कौषल विकास योजना के अन्तर्गत आत्मनिर्भर अभियान को दृष्टिगत करते हुए अम्बेडकर वार्ड, सागर में "स्वावलम्बन से आत्मनिर्भर की ओर" विषय पर संगोष्ठी एवं निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संगोष्ठी का औचित्य देते हुए स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर के संस्थापक कुलपति, डॉ अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि "बीज से वृक्ष बनने की यात्रा ही आत्म निर्भरता से स्वावलंबन की यात्रा है।" हमे वो कार्य सींचना है जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। आज कौशल विकास की अत्यंत आवश्कता है जिसे प्रधान मंत्री ने शुरू किया। आज विभिन्न समितियां इसका संचालन कर रही है स्किल डेब्लपमेन्ट के लिए। स्वावलंबन आत्मनिर्भरता से एक कदम आगे है। यह वह अवस्था है जब व्यक्ति केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी प्रेरणा बनता है। स्वावलंबन में आत्मगौरव, आत्म सम्मान और सृजनशीलता का मेल होता है। एक गरीब महिला जब छोटे स्तर पर गृह उद्योग शुरू करती है और दूसरों को रोजगार देती है, एक युवा जब नौकरी की तलाश की बजाय स्वरोजगार की राह चुनता है। तो यह आत्मनिर्भरता से स्वावलंबन की यात्रा होती है।

हर व्यक्ति अपने स्तर पर कोई न कोई ऐसा कार्य करे जिससे वह खुद भी आत्मनिर्भर हो और दूसरों को भी सहयोग दे सके। आत्मनिर्भरता एक शुरुआत है, और स्वावलंबन एक संपूर्ण लक्ष्य। जहाँ आत्मनिर्भरता हमारा संकल्प है, वहीं स्वावलंबन हमारा चरम सम्मान। जब एक गांव की लड़की सिलाई सीखकर खुद का छोटा कारोबार शुरू करती है वह आत्मनिर्भर बनती है। लेकिन जब वही लड़की दूसरी लड़कियों को सिखाने लगती है, तो वह स्वावलंबन की मिसाल बन जाती है। हमें ऐसा ही बनना है। वक्तव्य की अगली श्रृखला में मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि जीवन का आनन्द विद्यार्थी बने रहना चाहिए, सीखने की उम्र कोई नही होती। स्वावलंबन का मतलब है आत्म गौरव, आत्म सम्मान और दूसरों को संबल देना। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश को आत्मनिर्भर बनाएँ नौकरी खोजने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें।



## नपाध्यक्ष मनोज तिवारी ने पौधरोपण किया

**गढ़ाकोटा।** जनहित एवं विकास कार्यों में तत्पर रहने वाले नगर पालिका अध्यक्ष मनोज तिवारी का जन्मदिन शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज तिवारी ने पौधों रोपण किया । और नगर के विभिन्न मंदिरों में सुंदर कांड का आयोजन किया गया । जहां तिवारी पहुंचे और नगर वासियों की सुख समृद्धि की भगवान से कामना की । एवं देर रात तक बधाइयां का दौर चलता रहा और शुभचिंतक जन्मदिन की बधाइयां देने के लिए नपा अध्यक्ष के घर पहुंचने लगे व्हाट्सएप फेसबुक जैसी सोशल साइट पर भी नपा अध्यक्ष को जन्मदिन की मंगल कामनाएं देने वालों की होड़ मची रही। मनोज तिवारी ने पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के गणनायक निवास पर जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विभिन्न स्थानों पर जन्मदिवस के अवसर पर तिवारी ने कहा कि साथियों, आत्मीयजनों एवं परिवारजनों ने सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रम करके जो एक पारिवारिक परिवेश बनाया है उसके लिए सभी का हृदय की अनंत गहराईयों से बहुत बहुत धन्यवाद आभार।

## सफाई दरोगा व सफाई मित्रों का पुष्प वर्षा कर किया सम्मान

# सीमित संसाधनों में सफाई मित्रों ने अभूतपूर्व कार्य किया, प्रधानमंत्री मोदी की अलख दिखाने लगी है असर : महापौर संगीता तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाली प्रतियोगिता में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के घोषित परिणामों ने सागर नगर को एक नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया है, इस वर्ष सागर नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर 10 वीं रैंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो नगर के लिए गर्व का विषय है। सागर नगर को यह उपलब्धि प्राप्त होने पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने एम.आई.सी. सदस्यों, पार्षदों एवं निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी जोन प्रभारियों, सफाई दरोगा एवं सफाई मित्रों का फूलमाला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर सम्मान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर संगीता सुषील तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता की जो अलख जगाई थी उसके सकारात्मक परिणाम आने लगे है। सागर नगर निगम ने पहली बार देश में 10 वीं रैंक प्राप्त कर सागर का नाम रोशन किया है जिसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे सफाई मित्रों की है जो सीमित संसाधनों के बाबजूद भी भीषण गर्मी, ठंड एवं बारिष में अपने कर्त्तव्य पथ पर रहकर शहर को स्वच्छ करने की दिशा में कार्य करते है, उनके समर्पण के लिये मैं, सभी का अभिनंदन करती हूॅ। महापौर ने कहा कि परिषद द्वारा इस वर्ष सागर नगर में विकास के कार्य हुये है, सड़कों का उन्नयन, नाला नालियों का निर्माण, चौराहों का सौन्दर्यीकरण किया गया है, इसका भी स्वच्छता रैंकिंग पर सकारात्मक प्रभाव रहा है। इस वर्ष हमने पूरे देश में 10 वीं रैंक प्राप्त की है, जो भी कमियाँ रह गई है, उनको दूर कर अगले वर्ष पहली रैंक लाने पर प्रयास करेंगे। महापौर ने सभी सफाई मित्रों स्वच्छता से जुड़े सभी कर्मचारियों एवं नगरवासियों को बधाई दी।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने महापौर संगीता सुशील तिवारी, सभी एम.आई.सी. सदस्यों एवं पार्षदों को स्वच्छ सर्वेक्षण में 10 वीं रैंक आने पर बधाई देते हुये कहा कि सभी के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। सागर नगर निगम ने स्वयं के संसाधनों से रैंक प्राप्त की जिनमें सफाई मित्रों, स्वच्छता से जुडे.सभी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय है उन्होने कहा कि अगर कार्य करना सीखना है तो सफाई मित्रों से सीखना चाहिये क्योंकि वे ही प्रतिदिन सुबह से शहर को स्वच्छ करने की दिशा में कार्य करते है। निगमायुक्त ने कहा कि महापौर ने मुझे कार्य करने की स्वतंत्रता दी तथा सभी एम.आई.सी.सदस्यों, पार्षदों का सहयोग रहा। अगली बार हम और मेहनत कर अच्छी रैंक लाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य धर्मेन्द्र खटीक, रूपेश यादव, राजकुमार पटैल, शैलेन्द्र ठाकुर, संगीता शैलेष जैन, पार्षद रूबी पटैल, अषोक चकिया, महेश जाटव, रोशनी वसीम खान, ताहिर मासाब, पार्षद प्रतिनिधि कनई पटैल, नरेश यादव, भाजपा नेता नवीन भट्ट, रिशांक तिवारी, सफाई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भोला प्रसाद करोसिया, सूरज मंछदर, सुदेश सनकत, हेमंत सारवान, दीपक ज्ञान, कमलेश डागोर, राजेन्द्र सनकत, आकाश करोसिया सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री पूरन अहिरवार ने निगमायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण में सागर नगर निगम को देश में 10वीं रैंक मिलने पर नगर निगम के सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री पूरनलाल अहिरवार ने नगर निगम कार्यालय पहुॅचकर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को बधाई देते हुये पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## तबाही के हालात में जिले के मुखिया ने खुद संभाली कमान

# कलेक्टर श्रोत्रिय उतरे मैदान में प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज बारिश से नदियां, तालाब और झरने उफान पर आ गए हैं। कई स्थानों पर पुलों के ऊपर से पानी बहने लगा, तो कहीं पुल ही बह गए। निचले इलाकों में जलभराव की विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है। हालात का जायजा लेने शुक्रवार को जिला कलेक्टर विवेक श्रोतिय स्वयं पलेरा पहुंचे और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पलेरा से करीब 4 किमी दूर संजयनगर की उर नदी शुक्रवार सुबह उफान पर आ गई, जिससे पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। प्रशासन ने एहतियातन मार्ग को बंद कर दिया। इसका सीधा असर टीकमगढ़-जतारा और मऊरानीपुर मार्ग पर पड़ा, जिससे लोगों का आना-जाना बाधित हो गया। इसी प्रकार दांतगोरा, किशनपुरा, देरी मार्ग पर बना पुल बारिश के तेज बहाव में बह गया। लिधौरा, टौरी, बूदौर-महेंद्र महेवा, खैरा विजयपुर सहित कई गांवों का संपर्क नगर से कट गया।





### तालाब फटने का खतरा, नागरिकों में दहशत

गंज मोहल्ला के रहवासियों ने बताया कि गजाधर तालाब की बंधान को ऊंचा करने के बाद पत्थर की पिचिंग नहीं की गई। नगर परिषद द्वारा एक साल से पत्थर डालने की योजना अधर में लटकी है। मिट्टी की बंधान बारिश और हवा के बहाव से खिसकने लगी है। रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द पिचिंग कार्य नहीं कराया गया, तो तालाब फट सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए दोषियों पर कार्रवाई और पूरे मामले की जांच की मांग की है।

### तालाब की लापरवाही बनी आफत, मोहल्ले में घुसा पानी

गजाधर तालाब के जलस्तर में भारी वृद्धि के कारण गंज मोहल्ला, बाले का पुरा, वार्ड क्रमांक 15 पटपरा और वार्ड क्रमांक 3 कंचनपुरा-बगारभाटे जलभराव की चपेट में आ गए हैं। कई घरों में पानी घुस गया है, जिससे लोग भयभीत हैं। गुरुवार रात नगर की 33 केवी विद्युत लाइन फॉल्ट हो जाने के कारण नगर एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही, जिससे स्थिति और अधिक विकट हो गई।

### जेसीबी से कराई आपात जल निकासी

हालात बिगड़ते देख नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय दो जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे। रामप्रसाद चौरसिया के मकान के पास बनी रपटे की दीवार को तुड़वाकर तालाब के पानी की निकासी कराई गई, जिससे स्थिति नियंत्रण में आई। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुनील खटीक, उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव, पार्षद गुलाब आदिवासी और रामकिशोर कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे।

### जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने पलेरा नगर के गजाधर तालाब और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमओ शिवि उपाध्याय को निर्देश दिए कि जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए। तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा के साथ कलेक्टर ने पुरैनियां-चरी गांव पहुंचकर तालाब के बढ़ते जलस्तर की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद वे दांतगौरा, भदर्रा और बूदौर गांव पहुंचे और हालात का जायजा लिया।


## बजरंग दल ने धार्मिक भावना भड़काने की शिकायत की

# कांवड़ियों पर पोस्ट से बवाल कांग्रेस नेत्री पर हुआ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की सियासत एक बार फिर सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गरमा गई है। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष पूनम जायसवाल के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धार्मिक भावना भड़काने का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने 11 जुलाई को सोशल मीडिया पर कांवड़ियों को लेकर आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी की, जिससे धार्मिक संगठनों में नाराजगी फैल गई। बजरंग दल के नगर संयोजक नीलेश उठमालिया ने इस पोस्ट को लेकर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। संगठन के कार्यकर्ताओं ने पूनम जायसवाल के कथित विवादित पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पूर्व विधायक का बयानः सनातन पर हमला कर रही कांग्रेस



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पार्टी में अपनी जगह बनाने के लिए बार-बार सनातन संस्कृति पर प्रहार करते हैं। टीकमगढ़ में पिछले 12 वर्षों से कांवड़ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है और समाज की आस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जायसवाल ने दी सफाई कहा कि सच्चे कांवड़ियों का करती हूं सम्मान

विवाद बढ़ने पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूनम जायसवाल सामने आईं और बयान जारी कर सफाई दी। उन्होंने कहा कि, मुझे राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है। मेरी पोस्ट का उद्देश्य कांवड़ियों को अपमानित करना नहीं था, बल्कि उन उपद्रवियों की ओर इशारा था जो कांवड़ यात्रा की आड़ में अराजकता फैलाते हैं। मैं सच्चे भक्तों का सम्मान करती हूं और उनकी आस्था का पूर्ण सम्मान करती हूं। इस घटनाक्रम के बाद जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। जहां भाजपा और बजरंग दल कार्यकर्ता कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं, वहीं कांग्रेस इस मामले को राजनीतिक प्रतिशोध बता रही है। आने वाले दिनों में यह मामला और तूल पकड़ सकता है।

### बैंकों के अफसरों ने दी योजनाओं की जानकारी

**विदिशा।** जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में 30 सितंबर 2025 तक चल रहे जन सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत अब तक पौने पांच हजार से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन किया जा चुका है। बासौदा के श्यावदा और ग्यारसपुर के अंडियाकलां में आयोजित शिविरों में आरबीआई, नाबार्ड और बैंकों के अधिकारियों ने नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी।

### दो नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाले दोषी को 20 वर्ष की सजा सुनाई

**विदिशा।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सुरेखा मिश्रा की अदालत ने दो नाबालिग बालिकाओं से अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतिभा गौतम द्वारा प्रभावी पैरवी की गई, जबकि मार्गदर्शन जिला अभियोजन अधिकारी जेएस तोमर ने दिया। 10 अक्टूबर की दोपहर 1:30 बजे करीब उसके पास में रहने वाले आरोपी की भतीजी बच्चियों को खेलने बुलाने आयी तो बच्चियों ने खेलने से मना कर दिया। बच्चियों की मां ने बड़ी बेटी से पूछा कि खेलने क्यों नहीं जा रहीं तब उसने ने बताया कि चाचा (आरोपी) अच्छे नहीं हैं। आरोपी ने छोटी बालिका के साथ अश्लील हरकत की है। यह मामला 21 अक्टूबर 2024 को दर्ज हुआ था, जब पीड़िताओं की मां ने थाना विदिशा देहात में रिपोर्ट कराई थी कि आरोपी ने उसकी दोनों बेटियों के साथ अश्लील हरकत की।

## जिला पुलिस का जनजागरण अभियान तेज

# नशे से नहीं, उजाले से करें दोस्तीः एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में नशे के खिलाफ सामाजिक जागरूकता का बिगुल अब तेज़ होता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत टीकमगढ़ पुलिस ने नशामुक्ति को लेकर एक सशक्त एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि नशा केवल एक आदत नहीं, बल्कि शरीर, समाज और कानून, ये तीनों के लिए गंभीर खतरा है।

अधिकारियों ने चेताया है कि शराब, तंबाकू, गांजा, भांग, हेरोइन, कोकीन, दवाओं का दुरुपयोग और सॉल्वेंट्स जैसी वस्तुएं युवाओं को अपराध की राह पर ले जा रही हैं।




नशे के कारण मानसिक संतुलन बिगड़ता है, घरेलू हिंसा बढ़ती है और सामाजिक ढांचा चरमराने लगता है। एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत ऐसे अपराधियों को 20 साल तक की जेल और लाखों रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। विशेषकर स्कूल, कॉलेज और धार्मिक स्थलों के पास नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने अपील की है कि लोग खुद नशे से दूर रहें और युवाओं को जागरूक करें। नशे के शिकार को अपराधी नहीं, रोगी मानें और परामर्श दिलवाएं। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। राष्ट्रीय नशा निवारण हेल्पलाइन 1800-11-0031 के साथ-साथ जिले में सक्रिय नशामुक्ति केंद्र, एनजीओ और थाना स्तर पर परामर्श सुविधाएं मौजूद हैं।

## जिले में बुआई सिर्फ 20% ही हो सकी, फसलें भी खराब

# बेमौसम बारिश ने छीनी किसानों की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने जहां मौसम को ठंडक दी, वहीं खेतों में तबाही के हालात बना दिए हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि अभी तक सिर्फ 20% किसान ही बुआई कर पाए हैं और उनमें से अधिकांश की फसलें या तो नष्ट हो चुकी हैं या खतरे में हैं। खेत सूने हैं, दिल डरे हुए, और उम्मीदें बारिश में बहती जा रही हैं। इस कठिन समय में भारतीय किसान संघ किसानों का संबल बनकर सामने आया है। जिले भर में संगठन के प्रतिनिधि खेत-खेत जाकर किसानों की स्थिति का जायज़ा ले रहे हैं, उनकी पीड़ा सुन रहे हैं और सरकार तक उनकी बात पहुंचाने की तैयारी में जुटे हैं।

दिगौड़ा तहसील अध्यक्ष ने अपने जिलाध्यक्ष से आग्रह किया कि वे गांवों में चल



रही वास्तविक स्थिति को स्वयं देखें। जिलाध्यक्ष ने खेतों का निरीक्षण कर किसानों की बेबसी और फसलों की बरबादी को नजदीक से देखा। बजरंगगढ़ ग्राम समिति अध्यक्ष राजकुमार अहिरवार ने कहा, हमारा एकमात्र सहारा भारतीय किसान संघ है, जो हर आपदा में हमारे साथ खड़ा रहता है। यहां जिला कार्यकारिणी सदस्य ने किसानों की पीड़ा साझा करते हुए कहा कि, ₹किसान अकेला न समझे, हम उनके साथ हैं। किसानों को हौसला देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा जाएगा और किसानों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की जाएगी।

ग्राम नादिया में तहसील मंत्री केशवदास कुशवाहा के नेतृत्व में दौरा किया गया। ग्राम समिति सदस्य बाबूलाल लोधी और अध्यक्ष बृजकिशोर रिछारिया ने बताया कि यहां केवल 10% बुआई हो सकी है। आदिवासी बहुल गांव विजरावन और मिणोरा में हालात और भी गंभीर हैं। जिला कार्यकारिणी सदस्य करिया आदिवासी और समिति सदस्य शिवदयाल अहिरवार ने कहा, हमारे गांव में न तो बुआई हो सकी, न ही बारिश के बावजूद पीने के पानी की व्यवस्था है। कई कच्चे मकान गिर चुके हैं और सड़कें भी कटी हुई हैं। जिलाध्यक्ष ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम शासन-प्रशासन तक आपकी समस्या लेकर जाएंगे। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं, यह आपकी मेहनत, पेट और भविष्य का नुकसान है और हम इसे अनदेखा नहीं होने देंगे।

# विरोध प्रदर्शनः कुशवाहा समाज ने किया कलेक्ट्रेट घेराव

## दिगौड़ा थाना क्षेत्र की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन, पुलिस पर लगाया पक्षपात का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शनिवार को कुशवाहा समाज के सैकड़ों लोग टीकमगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने रैली निकालते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव किया। इस प्रदर्शन में ओबीसी महासभा और भीम आर्मी के सदस्य भी शामिल हुए।

प्रदर्शन का कारण दिगौड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा एक मामला रहा, जिसमें गजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सोशल मीडिया पर कुशवाहा समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। समाज का आरोप है कि शिकायत देने के




बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। कुशवाहा समाज के अध्यक्ष हिरदेश कुशवाहा ने बताया कि जब समाज के लोग इस मामले में दिगौड़ा थाने पहुंचे तो पुलिस ने उल्टा कार्रवाई करते हुए समाज के 10 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुशवाहा ने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। गिरफ्तार किए गए युवकों में रूपेंद्र, अंबिका, गनपत, अजय, छोटू, पुष्पेंद्र, कोमल, गजेंद्र, अमित और राजकुमार कुशवाहा शामिल हैं। बताया गया कि इन युवकों ने दो दिन पूर्व तालाब किनारे एक वीडियो बनाया था, जिसमें कथित रूप से पुलिस के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही गई थीं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को हटाने की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शन के दौरान समाज के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा, पूर्व पार्षद घनश्याम कुशवाहा, जिपं सदस्य आसाराम, प्रमोद, परीक्षित, मनोज और ललितपुर जिलाध्यक्ष रतिराम कुशवाहा उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम आयोजन के चलते हुआ कार्यक्रम

# महावीर बाल संस्कार में किया पौधरोपण, लगाए गए 60 पौधे

**टीकमगढ़।** शहर के महावीर बाल संस्कार स्कूल में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक वृक्ष मां के नाम विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर पौधारोपण किया और हरियाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।
कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य आर.के. जैन द्वारा औषधीय पौधा रोपित कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से स्कूल परिसर में विभिन्न



प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए। इस दौरान कुल 60 पौधे रोपे गए, जिनमें नीम, आम, जामुन, अशोक, तुलसी एवं गिलोय जैसे पौधे शामिल रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य आर.के. जैन ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। जब हम एक पौधा लगाते हैं, तो वास्तव में हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, छाया और जीवन का उपहार दे रहे होते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि पौधारोपण केवल एक रस्म न रहे, बल्कि वह उसकी संरक्षण और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी उठाएं। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे हाथों में पौधों को थामे बच्चे अपनी मां के नाम एक जीवन रोपित करते नजर आए। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने पहल की सराहना की और विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## भारी बारिश में लोगों की राहत बने भाजपा पार्षद अनिल खटीक



**पलेरा।** नगर परिषद की वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद अनिल खटीक के द्वारा बीते शनिवार के दिन बारिश से हुए रास्ते में मिट्टी के कटाव को लेकर डस्ट डाले जाने का कार्य किया गया। आम रास्ते में बारिश के पानी के फैलाव को देखते हुए वार्ड वासियों को हो रही असुविधाओं को लेकर पार्षद अनिल खटीक के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की जा रही है। दरअसल बीते दिनों हुई तेज मूसलाधार बारिश को लेकर नगर के हालातो को बिगड़ता देख वार्डों में पार्षद सक्रिय बने हुए हैं। जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर की तमाम जगहों पर जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। बताया गया है कि बीते शुक्रवार के दिन नगर क्षेत्र में हुई बारिश को लेकर पलेरा नगर के वार्ड क्रमांक 1 में गजाधर तालाब के रौद्र रूप को देखते हुए दहशत बनी हुई थी। प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद बिगड़े हालातो पर काबू पाया गया। गजाधर तालाब से जुड़ा हुआ नाले के वार्ड नंबर 12 में पुलिया के ऊपर से पानी निकालने की वजह से माटी का कटा हो गया था जिसके बाद वार्ड वासियों को वहां पर निकलने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसकी वार्ड वार्ड नंबर 12 की पार्षद अनिल खटीक के द्वारा वहां पर दस्त डलवाई जिससे वार्ड वासियों को निकालने में आसानी हो वार्ड वासियों ने की पार्षद की सराहना।

## शहर के दिल में बसी झील अब बनेगी मनोरंजन और पर्यटन की नई पहचान

# सौगात : महेंद्र सागर में दौड़ने लगी उम्मीदों की बोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। वर्षों से शांत पड़े महेंद्र सागर तालाब की लहरों पर अब नावें चलेंगी, बच्चों की किलकारियां गूंजेंगी और परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखरेगी। नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा महेंद्र सागर तालाब पर बोटिंग सुविधा का शुभारंभ कर एक ऐतिहासिक पहल की गई है। यह पहल न केवल नागरिकों को एक नया मनोरंजन स्थल देगी, बल्कि शहर के पर्यटन मानचित्र पर भी टीकमगढ़ को एक नई पहचान दिलाएगी।

### उद्घाटन कार्यक्रम में जुटे शहर के प्रतिनिधि

रविवार को तालाब परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण और फीता काटकर इस बहुप्रतीक्षित सुविधा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोतिय, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक के के श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मालिक, भाजपा नेता राकेश गिरी और विवेक चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।



### सौंदर्य और पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : कलेक्टर

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मौके पर पहुंचकर बोट क्लब का निरीक्षण किया और बोटिंग गतिविधियों की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए इसे शहर के सौंदर्य और पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### बोटिंग से मिलेगी मनोरंजन की नई ऊर्जा

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने जानकारी दी कि बोट क्लब में प्रयोग की जा रही बोटें झांसी से मंगवाई गई हैं और उन्हें सुरक्षा मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि अब टीकमगढ़ के नागरिकों को बोटिंग जैसे रोमांचक अनुभव के लिए अन्य शहरों की ओर नहीं देखना पड़ेगा। बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए यह एक सुंदर विकल्प साबित होगा।

### शहर को मिलेगा पर्यटन का नया केंद्र

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस सुविधा को और बेहतर तरीके से विकसित किया जाए, तो महेंद्र सागर तालाब पर्यटन केंद्र बन सकता है। इसके चारों ओर बैठने की व्यवस्था, रात्रिकालीन लाइटिंग, फूड जोन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन इस स्थान को एक 'लेक फ्रंट' के रूप में विकसित कर सकता है। नगर पालिका ने हाल के वर्षों में शहर की सुंदरता और नागरिक सुविधाओं को लेकर कई प्रयास किए हैं। बोटिंग की शुरुआत इस दिशा में एक नया अध्याय है। पालिका अध्यक्ष ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि टीकमगढ़ केवल प्रशासनिक जिला न रहकर एक ऐसा नगर बने, जहां रहना और घूमना दोनों ही सुखद हो।

### शहर में निर्मित हुए बाढ़ जैसे हालात, निचली बस्तियों में रहने वालों ने जागकर काटी रात

# सीप का जल स्तर सामान्य,फिर भी बस्तियों में क्यों घुसी नदियां!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीते शुक्रवार और शनिवार को शहर की आधी बस्तियों में रहने वाले लोगों ने डर और दहशत के बीच पूरी रात जाग कर काटी। रात जागकर गुजारने के पीछे कारण 4 साल पहले ( 3 अगस्त 2021 को) आई सदी की भीषण बाढ़ की त्रासदी का डर था, क्योंकि उस त्रासदी के दौरान शहर 80 फीसद तक डूब गया था चारों और बर्बादी ही बर्बादी का आलम दिखाई पड़ रहा था। वैसी त्रासदी से दोबारा दोचार न होना पड़े यही डर लोगों को खाए जा रहा था। हालांकि नदियों का रुख उतना अधिक विकराल नहीं हुआ जितना 4 साल पहले हुआ था लेकिन अनहोनी के डर से लोग रात भर जागते रहे और नदियों के किनारों पर खड़े होकर पानी का उतार चढ़ाव ही देखते रहे। हालांकि बीती रात हुई बारिश से सीप नदी का जल स्तर खतरे से बाहर नहीं पहुंचा इसके बावजूद सीप और उसकी सहायक नदी कदवाल का पानी निचली बस्तियों में भर जाने से पूरे शहर में दहशत का माहौल जरूर निर्मित हो गया। प्रश्न यही उठ रहा है कि जल स्तर सामान्य होने के बावजूद भी नदियों ने बस्तियों का रुख क्यों किया?



**टूटे स्टॉप डैम के कारण भरा वार्ड 23 में पानी**

सीप नदी ने हालांकि इतनी अधिक विकराल रूप नहीं लिया था लेकिन वह हमेशा की तरह वार्ड क्रमांक 23 की निचली बस्ती में जरूर पहुंच गई दरअसल वार्ड 23 पंडित घाट के सामने एक प्राचीन स्टॉप डैम बना हुआ है जो आधी नदी का रास्ता रोके हुए है। अनुपयोगी इस स्टॉप डैम से नदी का पानी का संरक्षण तो नहीं होता लेकिन बारिश के समय जब नदी उफान पर आती है तो सीप का पानी इस स्टॉप डैम से टकराकर वार्ड क्रमांक 23 की कंडेल बाजार बस्ती की सड़क के रास्ते से होता हुआ बस्ती में आ जाता है। बीती शुक्रवार शनिवार की रात को भी सीप नदी इसी पुल से टकराकर चतरदास जी का टीला तक पहुंच गई जिससे कंडेल बाजार, कर्बला रोड, इमामबाड़ा क्षेत्र में रहने वाले लोग रात भर जागकर नदी का उतार-चढ़ाव चढ़ाव देखते रहे।

इसके पीछे विशेषज्ञों की राय है कि अतिक्रमण कर लोगों ने ही नदियों का रास्ता रोका है जिसका दुष्परिणाम भी लोगों को झेलना पड़ रहा है।

बारिश का असर निचली बस्ती में सबसे पहले वार्ड क्रमांक 2 हरिजन बस्ती, किला रोड पर देखने को मिला, शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक इस बस्ती की सड़क पर क़रीब तीन तीन फीट पानी भरा रहा। जिससे लोग दहशत में रहे। सोशल मीडिया ने इस दहशत को ओर बढ़ाने का काम किया सोशल मीडिया पर जल भराव के वायरल हुए फोटो वीडियो ने निचली बस्तियों में रहने वालों को बुरी तरह डरा दिया। कई लोगों ने अपने मकानो को निचली बस्तियों से खाली कर ऊंचाई वाले स्थान पर जाने की तैयारी शुरू कर दी। ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों ने अपने मकानों में विपरीत परिस्थिति में निचली बस्ती वासियों के लिए जगह बनाने ठहरने का इंतजाम भी कर दिया था। रात 10:00 बजे के बाद से पानी के जलस्तर में उतार आने की सूचना मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन दहशत इतनी थी कि निचली बस्तियों में रहने वाले लोग तो तब तक जागते रहे जब तक नदी वापस बस्तियों से लौट नहीं गई और उसे लौटने में रात के करीब डेढ़ से 2:00 बज गए।

**अतिक्रमण के दवाब में कदवाल ने बदला रुख**

वार्ड क्रमांक 2 हरिजन बस्ती में पानी भराव की घटना को कदवाल नदी के रास्ते में अतिक्रमण से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल कदवाल नदी गुप्तेश्वर मंदिर से किला गेट के पास से किला रोड पुलिया के आगे से तिल मिश्री घाट गुलाब बाड़ी होते हुए सीप में मिलती है। यह उसका परंपरागत रूट है लेकिन इस रास्ते में जगह-जगह अतिक्रमण हो जाने से नदी ने अपना रुख बस्ती की ओर मोड लिया। जिसके चलते कदवाल का पानी किला गेट और वार्ड क्रमांक 2 की निचली बस्ती में भर रहा है यही कारण था कि कदवाल नदी सीप में प्रवाहित होने के बजाए रात 10:00 बजे तक बस्ती में ही दहशत फैलाती रही।


**इधर रात भर करते रहे लाइट आने का इंतजार**

उधर जिला मुख्यालय से सटे सलापुरा गांव में रात भर बिजली नहीं आने से लोगों ने रात जागकर काटी। रातभर बिजली गुल होने के कारण सलापुरावासियों को गर्मी का सितम और मच्छरों का हमला झेलना पडा। दरअसल शहर से सटा होने के बावजूद इस बस्ती को ग्रामीण क्षेत्र में शामिल किया हुआ है जिसके चलते आए दिन बिजली चली जाती है और लंबे समय तक नहीं आती शुक्रवार शनिवार की रात भी यही हुआ बिजली रात भर नहीं आई और शनिवार को आधा दिन बीतने के बाद ही वापस लौटी बस्ती वासियों ने बिजली के स्थाई निराकरण के लिए सलापुरा को शहरी फीडर से जोड़ने की मांग की है।

### त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम से शुरू होकर 23 को छिमछिमा हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी कांवड़ यात्रा

## पूर्व मंत्री रामनिवास की 115 किमी की कांवड़ यात्रा आज से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत की कावड यात्रा 20 जुलाई रविवार को त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम से आरंभ होगी। 115 किलोमीटर लंबी इस कावड यात्रा में पूर्व मंत्री रामनिवास रावत सहित करीब पांच हजार भक्त शामिल रहेगे। 23 जुलाई को यह कावड यात्रा विजयपुर क्षेत्र के प्राचीन छिमछिमा हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी। जहां मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में विराजित महादेव पर यह कावड चढाई जाएगी। इस कावड यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

पूर्व मंत्री रामनिवास रावत की यह कावड यात्रा रविवार को सुबह 8 बजे त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम से आरंभ होगी। यहां बडी संख्या में रामनिवास रावत के समर्थक और क्षेत्रीय धर्मप्रेमी लोग जुटेगे। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत सहित उनके साथ कावर लेकर चलने वाले भक्त त्रिवेणी संगम का जल कावडों में भरकर रवाना होगे। रविवार को उनकी यह कावड यात्रा मानपुर, धीरोली, बगदिया,ढोढर होते हुए टर्राखुर्द पहुंचेगी। जहां कावड यात्रा में शामिल सभी भक्त रात्रि विश्राम करेगे। 21 जुलाई सोमवार को टर्राखुर्द से रवाना होने वाली कावड यात्रा चंबल नहर के रास्ते रघुनाथपुर होते हुए वीरपुर पहुंचेगी और वहां दूसरा रात्रि विश्राम करेगी।

22 जुलाई को वीरपुर से रवाना होने वाली कावड यात्रा कैमारा, टेंटरा, गढी, उपचा होते हुए विजयपुर के ज्ञानदीप कॉलेज में पहुंचेगी। जहां सभी कावड यात्रा में शामिल भक्त रात्रि विश्राम करने के बाद 23 जुलाई को डाबीपुरा, गोपालपुर, चंदेली होते हुए छिमछिमा हनुमान मंदिर के दरबार में पहुंचेगे। जहां शिव मंदिर में विराजित भगवान भोलेनाथ का कावडो में भरे जल से जलाभिषेक होगा। इसमें भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना भी की जाएगी।

## व्यापारी का पुत्र लापता, एसपी से मिला व्यापार संघ का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिले की बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था पर चिंता जताने और विगत चार दिनों से गायब व्यापारी के पुत्र को तलाशने की मांग को लेकर शनिवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में एसपी वीरेंद्र जैन से मुलाकात की।

एसपी से मिले प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें बताया कि विगत कुछ दिनों पूर्व में व्यापारी पुत्र कपिल गुप्ता पुत्र पंकज गुप्ता (पंकज पेंट बालों) के लापता हो जाने से पूरा व्यापारी वर्ग दहशत में है। शहर में आए दिन चोरी की घटनाएं घटित हो रही हैं और पुलिस प्रशासन इस मामले में मुस्तैदी दिखाने के बजाय सुस्ती अपनाए हुए है।

विगत दिनों विकास नगर में हुई चोरी की घटना चोरों द्वारा करने के बाद पुलिस ने सारे सीसीटीवी कैमरे खंगाल लिए लेकिन चोरों का सुराग नहीं लग रहा है। इस दौरान जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुंजबिहारी सर्राफ, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### युवक की तलाशने एसडीआरएफटीम ने ढाई घंटे तक चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

## अमराल के तेज बहाव में बहा युवक ढाई घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शनिवार को अमरलाल नदी के तेज बहाव में एक आदिवासी युवक बह गया। जिसे एसडीआरएफ की टीम ने ढाई घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक के शव को ढूंढकर नदी से बाहर निकाल लिया। कोतवाली पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ढ़ेंगदा निवासी बबलू आदिवासी 45 वर्ष पुत्र शंकर लाल आदिवासी श्योपुर से खरीदारी कर नक्चा बालाजी से होता हुआ दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास अपने गांव जा रहा था। अमूमन इस गांव के लोग इस तरह ही नदी में चट्टानों के ऊपर पैर जमाकर नदी पार कर आना जाना करते रहते हैं। जब युवक बीच नदी में पहुंचा तभी अमराल नदी का पानी बढ़ गया और वह पानी में बह गया। पानी में बहते युवक को नदी किनारे खड़े लोगों ने देखकर चीख पुकार मचाई लेकिन तेज पानी होने के कारण कोई नदी में उतरने की हिम्मत नहीं दिखा सका।

बाद में सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ की टीम ने युवक को ढूंढने के लिए तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया और वोट के सहारे नदी में उतरे एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों ने ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बबलू को नदी से बाहर निकाल लिया,लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

## ससुराल में दामाद की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पिछले करीब पांच छह महीने से ससुराल में रह रहे एक दामाद की उस समय संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई,जब उसे पेट में दर्द होने की शिकायत पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था। यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ढोढर थाना पुलिस ने बताया कि राणा उर्फ राजू पुत्र शंकर बंजारा निवासी पनवाडा थाना कराहल की यहां ढोढर में ससुराल है तथा वह पिछले पांच छह महीने से ढोढर में ही रह रहा था। शुक्रवार को अचानक उसके पेट में दर्द हुआ तो परिवार के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बता दें कि मृतक युवक शराब पीने का शौकीन भी था। फिलहाल पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिले में हो गई 768.82 मिमी औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

श्योपुर जिले में 19 जुलाई को 71.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को श्योपुर में 52 मिमी, बडौदा में 87 मिमी, कराहल में 96 मिमी, विजयपुर में 54 मिमी, वीरपुर में 70 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसे मिलाकर इस वर्ष 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 768.82 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बता दें कि गत वर्ष इस अवधि तक 337.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

## पीतमपुरा में मप्र विज्ञान सभा ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कराहल वनांचल मुख्यालय की पीतमपुरा बस्ती मे मध्यप्रदेश विज्ञान सभा जन विज्ञान आश्रम कराहल द्वारा शनिवार को पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें गाँव के महिला पुरूष बच्चों ने बढचढकर भागीदारी की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विज्ञान सभा के केन्द्र प्रभारी बीरेन्द्र कुमार पाराशर ने पौध रोपण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि हमें हमारे जीवन मे एक पेड लगाकर तीन साल तक उसकी देखरेख कर बडा करने तक की जिम्मेदारी निभानी है। पेड हमे फल हवा छाया आदि प्रदान करते है साथ ही पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य मे सहभागी बनना है। इसके बाद नीम कडी पत्ता के एक सैकडा पौधे लगाये गये साथ ही लिसौडा आम जामुन अशोक के पौधे भी लगाये गये। इसमें रूपसिंह कुशवाह अशोक कुशवाह भगवान सिंह कुशवाह प्रेम कुशवाह शिशुपाल कुशवाह, ब्रम्हा कुशवाह का सराहनीय सहयोग रहा।

## पूर्व मंत्री रावत ने आवदा बांध की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत कराने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रियासत कालीन आवदा बांध की मरम्मत के लिए लंबित 13 करोड रूपए की राशि के प्रस्ताव को स्वीकृत कराए जाने की मांग को लेकर पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा है। सीएम को लिखे पत्र में पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने उल्लेख किया है कि आवदा बांध मेरी विधानसभा क्षेत्र का प्रमुख बांध है। जिससे क्षेत्र की हजारो बीघा कृषि भूमि की सिंचाई होती है। इस बांध की मरम्मम के लिए जल संसाधन विभाग श्योपुर के द्वारा करीब 13 करोड रूपए का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा गया है जो कि शासन के समक्ष लंबित बना हुआ है। पूर्व मंत्री रावत ने सीएम से आवदा बांध की मरम्मत के लिए इस प्रस्ताव पर प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।

### दोनों सिंचाई परियोजनाओं से खुलेंगे जिले भर की समृद्धि के द्वार

## हटा अड़ंगा, अब धरातल पर शुरू होगा रुका पड़ा मूंझरी और चेंटीखेड़ा बांध परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मूंझरी बांध परियोजना और चेटीखेडा बांध परियोजना का काम अब जल्द ही धरातल पर शुरू हो जाएगा। वजह यह है कि इन परियोजनाओं के शुरू होने पर वन एवं पर्यावरण विभाग का जो अडंगा आडे आ रहा था, उसे अडंगे को राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के माध्यम से हटवा दिया है। दरअसल मप्र के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मप्र की आठ सिंचाई परियोजनाओं को शुरू कराए जाने के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की स्वीकृति के लिए दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में पत्र दिया है।

इस पर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मप्र की आठ सिंचाई परियोजनाओं को शुरू किए जाने के लिए तत्काल सहमति देते हुए अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दे दिए है। इससे इन परियोजनों में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर लग रहे अड़ंगे भी खत्म हो जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा मप्र की जिन आठ सिंचाई परियोजनाओं के आरंभ किए जाने को लेकर सहमति दी गई है,उनमें श्योपुर जिले की मूझरी बांध परियोजना और चेटीखेडा बांध परियोजना भी शामिल है। इससे उम्मीद बंध गई है कि अब जिले की दोनो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं का काम अब बारिश का दौर थमते ही धरातल पर शुरू हो जाएगा। यहां बता दें कि चेटीखेडा बांध परियोजना जहां विजयपुर क्षेत्र में क्वारी नदी पर बनेगी। वहीं मूंझरी बांध परियोजना बडौदा तहसील क्षेत्र में अहेली नदी पर बनाई जाएगी।



**मूंझरी बांध परियोजना:11575 हेक्टेयर भूमि की होगी सिंचाई**

मूंझरी बांध परियोजना बडौदा तहसील क्षेत्र स्थित अहेली नदी पर बनेगी। इसके लिए सरकार की ओर से 331 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इस बांध परियोजना से बडौदा और कराहल तहसील के 34 गांवों की 11575 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होगी। जब इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी की सुविधा मिलेगी तो उनका फसल उत्पादन भी बढना तय है। जिससे एक तरफ क्षेत्र में हरित क्रांति नजर आएगी। वहीं कई गांवों में पानी के लिए पानी की उपलब्धता भी होगी। क्योंकि पाइप लाइन के जरिए मूंझरी बांध से कई गांवों में पेजयल की आपूर्ति की जाएगी।

**चेटीखेड़ा बांध परियोजना:15300 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित**

श्योपुर जिले में विजयपुर विकासखंड ऐसा क्षेत्र है जो सिंचाई की सुविधा से विहीन है। ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र में चेंटीखेड़ा बांध बन जाने से किसानों को नहर के माध्यम से खेतों की सिंचाई करने का अवसर मिलेगा जिससे इस क्षेत्र पर लगा सुखे का कलंक दूर हो सकेगा। बता दें कि चेटीखेडा बांध परियोजना क्वारी नदी पर बनेगी। इसके लिए सरकार ने 539 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना से मुरैना जिले की सबलगढ तहसील और श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील क्षेत्र के 58 गांवों की 15300 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

**इनका कहना..**


खेती को लाभकारी बनाकर किसानों की आय में वृद्धि बनाने का जो सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देखा है, उसे पूरा करने में सिंचाई परियोजनाओं की बड़ी भूमिका है। जल संसाधन विभाग इस दिशा में तेजी के साथ काम कर रहा है।

**तुलसी सिलावट**
जल संसाधन मंत्री मप्र सरकार

श्योपुर जिले के किसानों की पहले 35 गांव तक नहर निकासी की मांग को चंबल सूक्ष्म नहर परियोजना के माध्यम से सरकार ने पूरा किया है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलवट के अनुरोध और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय पर्यावरण जल एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने श्योपुर जिले की चेटीखेड़ा और मूंझरी बांध परियोजना के निर्माण में आ रही परेशानी को दूर करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

**नरेंद्र सिंह तोमर**
विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व स्थानीय सांसद

## श्रद्धालुओं ने मिट्टी से बनाए पार्थिव शिवलिंग, पूजा अनुष्ठान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित रामजानकी एवं राधाकृष्ण मंदिर में सावन मास के उपलक्ष्य में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम भक्ति भाव के बीच चल रहा है। जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था और भक्ति के साथ भागीदारी कर रहे है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु मिट्टी के शिवलिंगों का निर्माण करते है और फिर पंडितो के द्वारा उनका अभिषेक किया जाता है। जिसके चलते श्रीरामजानकी मंदिर सहित आसपास के क्षेत्र में इन दिनो भक्ति की बयार बह रही है।

सावन मास के उपलक्ष्य में यह धार्मिक कार्यक्रम गुप्तेश्वर ज्योतिष संस्थान और महिला मंडल की संयुक्त अगुवाई में आयोजित हो रहा है। पं रोहित नारायण शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम के तहत अभी तक 51 हजार शिवलिंगों का निर्माण किया जा चुका है। इस पार्थिव शिवलिंग अनुष्ठान कार्यक्रम के दौरान यूं तो महिला पुरूष और युवतियां भाग ले रही है। लेकिन सर्वाधिक संख्या में महिला श्रद्धालु इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाती नजर आ रही है।

## जमीनी विवाद को लेकर भतीजों ने चाचा और चाची को पीटा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के गांव विलेंडी में जमीनी विवाद को लेकर तीन भतीजों ने मिलकर अपने चाचा और चाची की मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान दोनो जख्मी हो गए। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम विलेंडी निवासी राधेश्याम प्रजापति 65 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेत की मेढ पर घास मिट्टी लगाने की बात पर भतीजे सुग्रीव,रविन्द्र और बबलू प्रजापति ने मिलकर मारपीट कर दी। जब पत्नी बचाने के लिए आई तो तीनों ने उसके साथ भी मारपीटी कर दी। मारपीट के दौरान दोनो पति पत्नी को चोट आई है। पुलिस ने दोनो का मेडिकल कराने के बाद उन्हें घर भेज दिया और राधेश्याम प्रजापति की रिपोर्ट पर तीनो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### मारपीट की घटनाओं के अनेक प्रकरण दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी रिषभ परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद, रिषभ, अजय व अन्य दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोविंद पुर निवासी तेजेन्द सरदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखवीर, राजासिंह, जसनदीपसिंह, परघटसिंह, मनदीप सिंह, राजवेन्द्र सिंह ने दण्डे और पत्थरों से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी ऊषा वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गब्बर वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले में अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में कच्ची शराब के मामले बढ़ते जा रहे हैं जिले पुलिस द्वारा निरंतर शराब के मामलें जहां भी आते हैं वहां पहुंचकर तुरंत कार्यवाही की जा रही है। कल जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए हैं जिसमें पहला मामला जिले की ईसागढ थाने की पुलिस ने बमनावर निवासी संजीव जाटव के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम डोंगर निवासी रामपाल अहिरवार के पास से पुलिस ने 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम दुधराई निवासी चन्द्रभान बंजारा के पास से पुलिस ने 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी रामबाबू आदिवासी के पास से पुलिस ने 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### साइबर फ्रॉड से 1 लाख 47 हजार रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जब से यह ऑनलाइन डिजीटल लेन-देन मोबाइल फोन के माध्यम से गूगल पे,फोन पे, आदि के द्वारा चालू हुआ है तब से आम नागरिकों के साथ साइबर ठगी के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। एक ओर ऑनलाइन डिजीटल लेन-देन के कईं फायदे हैं तो एक ओर व्यक्ति अपने घर बैठे ही साइबर ठगी का शिकार हो जाता है। ऐसा ही एक मामला जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत आया है जिसमें महेन्द्रकुमार कौली निवासी वार्ड क्रमांक 12 ने साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि किसी अज्ञात साइबर ठग ने उसके साथ फ्रॉड करके बैंक खाते से 1 लाख 47 हजार रूपये निकाल लिए हैं। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महेन्द्र कौली के 4 बैंक खातों से यह रूपये निकाले गए हैं जिनमें एक खाते से 19 हजार, दूसरे खाते से 94 हजार, तीसरे खाते से 34 हजार और एक अन्य खाते से 2 रूपये निकाले गये हैं।

## गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में छात्र कैबिनेट के चुनाव हुए आयोजित

# बैलेट पेपर से हुआ मतदान, 400 से अधिक विद्यार्थियों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर के गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2025झ26 के लिए छात्र कैबिनेट चुनाव लोकतांत्रिक भावना के साथ संपन्न हुए। कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के करीब 400 छात्रों ने बैलेट पेपर से मतदान कर प्रतिनिधियों का चयन किया। मतदान के दौरान वोट करने वाले छात्रों की अंगुली में स्याही लगाई गई। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित रही। जिसमें विद्यार्थियों ने मतदाता की भूमिका निभाई और ईमानदारी पूर्वक मतदान किया।

इन पदों के लिए हुए चुनाव- चुनाव विभिन्न पदों को लेकर संपन्न हुए। जिनमें हेड बॉय पद के लिए हिमांशु जॉन, प्रथम पुरोहित, श्लोक समैया एवं हेड गर्ल पद के लिए अन्वी जैन, नैंसी साहू, अंजलि सूर्यवंशी, रोशनी अहिरवार, सानिया रैकवार, स्वस्ति जैन ने नामांकन कर चुनाव मैदान में रहे। इसी तरह स्पोर्ट्स कैप्टन पद के लिए लकी सैनी, यशित तिवारी, मानव पांडेय, यश जैन, अंशुल पंडोलिया, श्रद्धा राय, हेमा अहिरवार, नेहा कथोरिया, आयुषी सिंह एवं डिसिप्लिन कैप्टन पद के लिए के लिए रोहित आहूजा, अर्पित डिक्सन, गौरव ठाकुर, सानिया रैकवार, आस्था रोहित, माहि सोनी ने नामांकन किया। इसके अलावा कल्चर कैप्टन पद के लिए सोहम बत्रा, ध्रुव पुरिया, आदर्श छाबड़ा, सुहानी राय, देविका विश्वकर्मा, तेजस्विनी चौहान ने नामांकन किया। विद्यालय प्रधानाचार्या शिखा अग्रवाल एवं शैक्षणिक निदेशक संतोष कुमार रजक ने चुनाव संपन्न होने के पश्चात कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना है।






यह चुनाव न केवल नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करता है, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और निर्णय लेने की क्षमता भी उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि परिणामों की घोषणा आगामी कार्यक्रम में की जाएगी, जिसमें विजयी प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई जाएगी।

### विकास खंड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में बीपीसीएल के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**बीना।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विकास खंड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में बीपीसीएल की ओर के कुल 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पार, चक्क, आगासौद, बम्होरी केला के खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चयनित 10 खिलाड़ी जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जो 23 एवं 24 जुलाई को बीना में आयोजित होगी, खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में बालिका मिनि वर्ग के 30 किलो में मोहनी विश्वकर्मा ग्राम पार, 42 किलो में मोहिनी दांगी ग्राम बम्होरी केला, 50 किलो में वैशाली विश्वकर्मा ग्राम पार, 53 किलो में विधा अहिरवार ग्राम बम्होरी केला, अंडर 17 बालिका वर्ग में 43 किलो में रेसु अहिरवार कन्या शाला ग्राम पार एवं अंडर 14 बालक वर्ग में 38 किलो में रितिक अहिरवार ग्राम आगासौद, 41 किलो में राजकिशोर ग्राम पार एवं अंडर 17 वर्षीय बालक वर्ग फ्रीस्टाइल वजन वर्ग 48 किलो में गजेंद्र अहिरवार पार हाई स्कूल, 51 किलो में संस्कार परिहार हायर सेकेंडरी स्कूल आगासौद, ग्रीकोरोमन स्टाइल 51 किलो में संस्कार परिहार हायर सेकेंडरी स्कूल आगासौद के छात्रों का जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

**जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 23 एवं 24 को बीना में होगी आयोजित**

## कवि मदन लाल चौबे की स्मृति में सम्मेलन

# दरिया को यह गम है कि वह समंदर नहीं हुआः आचवल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नगर के प्रमुख मदन लाल चौबे की स्मृति दिवस पर स्थानीय कवियों ने कवि सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें कवियों ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि मूलचंद सेन ने मां सरस्वती की रचना सुनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सुरेश कुमार चौबे, ललित कुमार चौबे ने चौबे जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आमंत्रित कवियों का सम्मान किया। कवि महेंद्र अभागा ने जई नई कओ रचना सुनाकर खूब वाह वाही लूटी। कवि शैलेंद्र दबंग ने कहा जो गौ मां का संरक्षण न करें ऐसी सरकार छोड़ दो, या गाय को माता कहना छोड़ दो। वहीं रामस्वरूप पाल ने भ्रूण हत्या पर रचना सुनाकर सभी को द्रवित कर दिया। देवेंद्र तिवारी ने कहा देख रहे हो भोलेनाथ, दुनिया कितनी बदल गई है। सत्य, शराफत और सभ्यता पूरी निकल गई है। उदय आचवल ने कहा वह रुकता भी नहीं है, वह थकता भी नहीं है, एक कतरा भी अपने पास रखता नहीं है, दरिया को यह गम है कि वह समंदर नहीं हुआ और समुद्र को यह मलाल है उसे कोई चखता भी नहीं है।

इसके अलावा इरफान पठान ने देशभक्ति मां और सामाजिक सद्भावना पर अपनी शायरी सुनाई। सीताराम चौरसिया ने बताया कि तुम काव्य प्रतिभा के धनी ,लेखनी के प्रतीक थे। इसके अलावा श्रुति शुक्ला, मनीषा शुक्ला ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में धर्माधिकारी दशरथ लाल पुरोहित, आशीष शुक्ला, मुरारी गोस्वामी, राजेंद्र उपाध्याय, अनिल पटेरिया, प्रदीप तिवारी, सुनील सिरोठिया, दीपक पश्तोर, प्रदीप तिवारी, वरुण सरवैया, राकेश पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# सामूहिक जुलूस निकालकर नारेबाजी करने के मामले में सीएमओ निलंबित



**बीना।** नगर पालिका कर्मचारियों को इकट्ठा कर शहर में सामूहिक जूलूस निकालकर नारेबाजी करने के मामले में अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल ने तत्काल प्रभाव से नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने शहर की सफाई व्यवस्था से असंतुष्ट होकर सीएमओ के कक्ष में गुरूवार को तालाबंदी कर दी थी। दूसरे दिन शुक्रवार को सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया के द्वारा नपा के कर्मचारियों को एकत्रित कर नगर पालिका से थाना तक जुलूस निकालकर थाना प्रभारी अनूप यादव को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें भाजपा विरोधी नारे भी लगाए गए थे। जिस पर संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग सागर के द्वारा भेजे पत्र पर अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल ने सीएमओ को शासन के नियमों की अवहेलना करने के कारण यह कृत्य गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते हुए सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सीएमओ जगनेरिया का कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग रहेगा।

# खेत में पानी की मोटर से करंट लगा, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बर्षाकाल चल रहा है ऐसे में विधुत के तार और मोटर ग्रामीण क्षेत्रों में खुले पड़े रहते हैं जो कि कभी भी गंभीर घटना का कारण बन जाते हैं बरसात में सबसे अधिक खतरा ऐस पड़े बिजली के तार और संसाधन बन जाते हैं। चारों तरफ पानी और गीलेपन के कारण उक्त जगह पर करंट लगने की संभावना अत्याधिक रहती है। कुछ न समझ लोग बिजली के तार और मोटर के साथ चालू बंद करते समय सावधानी बरतना भूल जाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो जातें हैं।

ऐसा ही एक मामला ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम बायवेनी से एक युवक को करंट लगने की शिकायत के बाद टेक्सी से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार से बडे भाई राधे श्याम लोधी ने बताया कि वह मेरा छोटा भाई था। शेर सिंह पुत्र सीताराम लोधी उम्र 30 वर्ष हमारा घर घर पर ही है पानी की जरूरत को लेकर वह मोटर चालू करने खेत पर गया था। परन्तु बारिश और हवा के कारण मोटर पंप के तार निकल गए थे। जिन्हे ठीक कर रहा था। उसी समय उसे करंट लग गया जैसे ही उसके चिल्लाने की आवाज आई में और परिवार के सदस्य मोटर पंप की ओर दौरे और भाई को उठाकर घर पर ले आए। तुंरत ही गांव की टेक्सी बुलाकर उसमें रखकर उपचार के लिए जिला अस्पताल आ गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की 10 साल पहले शादी हुई थी उसके दो छोटे-छोटे बच्चें हैं। युवक का शव परीक्षण कर उसके परिजनों को सौंप दिया।



### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम खानपुर निवासी विवेक पुत्र प्रतिपाल यादव उम्र 18 वर्ष की बाईक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी इस घटना में युवक की मौत हो गई है। युवक अपने घर से अपने मामा के घर ग्राम ललोई जा रहा था। घटना के बाद युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गयी।

### घर में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले में बढ़ते फांसी के मामले चिंता का विषय बने हुए हैं किशोर हो, युवक हो वृद्ध हो या फिर विद्यार्थी वर्ग,नौकरी पेशा वर्ग या फिर बेरोजगार व्यक्ति किसी न किसी कारण से आत्मघात किए जा रहे हैं। कोई कर्ज लेने पर तो कोई कार्य में असफल होने पर तो कोई काम धंधे में घाटा और आपसी मतभेदों के चलते यह कदम उठाए जा रहे हैं जो कि समाज के लिए कतई उचित नहीं है। ऐसा ही एक मामला कल जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया निवासी श्यामलाल पुत्र बसोरीलाल अहिरवार उम्र 40 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है उक्त व्यक्ति ने किस कारण से खुदकुशी की है उन कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा फांसी के मामले की जांच की जा रही है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में तारासदन हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को उनकी मूल कर्तव्य उनके मूल अधिकार भारत के संविधान एवं अन्य कानूनी प्रक्रिया विस्तारपूर्वक बताई।



विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर से जिला न्यायाधीश प्रकाश करकेटा, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु बिरथरे एवं तारा सदन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एमएस एसआर मर्सलेट ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के मुख्य वक्ता जिला न्यायाधीश प्रकाश करकटा का स्वागत किया। विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उपस्थित बच्चों को उनके मौलिक कर्तव्यों पर विशेष ध्यान दिलवाकर मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों को बताया। साथ ही उपस्थित बच्चों को प्रेरित किया कि वह पर्यावरण की सुरक्षा आदि पर विशेष ध्यान दें। बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथी टोल फ्री नंबर 151 के बारे में बताया। मुख्य वक्ता जिला न्यायधीश प्रकाश केरकेट्टा ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने को एवं एक पेड़ मां के नाम लगाने वाले अभियान को आगे बढ़ाने को कहा। बच्चों को विभिन्न कानों जैसे वाहन दुर्घटना अधिनियम, प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस आदि कानून की छात्रों को जानकारी प्रदान की ।

# मुंगावली में श्री पार्थिवेश्वर शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन प्रारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

**मुंगावली।** नगर के प्राचीन श्री मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर परिसर स्थित मीठी झिरिया देवी मंदिर के पीछे श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री पार्थिवेश्वर शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत शुक्रवार, 18 जुलाई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और श्रद्धा-भक्ति के साथ कलशों को सिर पर धारण कर नगर भ्रमण किया।

इस पावन अनुष्ठान का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है, जिसमें नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन के तहत प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक श्री पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य किया जाएगा तथा दोपहर 3:00 बजे से रुद्राभिषेक की दिव्य संगीतमय संध्या आयोजित की जाएगी आयोजन का समापन गुरुवार, 24 जुलाई को श्रावण वदी 30 को भव्य विसर्जन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा। इस आयोजन के मुख्य संयोजक पं. अतुल प्रदीप बापट हैं। नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि इसमें अधिकाधिक संख्या में सहभागी बनकर शिव कृपा के भागी बनें।



# आरोग्य भारती की संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आरोग्य भारती द्वारा स्वस्थ जीवन शैली विषय को लेकर स्थानीय विवेकानंद स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉक्टर जय मंडल सिंह यादव ने स्वस्थ जीवन शैली के विषय में बताते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन जरूरी है,प्रातः काल सूर्योदय के पूर्व उठाना, व्यायाम करना, समय पर संतुलित भोजन करना, एवं समय पर शयन करना स्वस्थ जीवन शैली के कारक है।

मुख्य वक्ता के रूप में आयुर्वेदिक डॉक्टर दीपक रघुवंशी ने आधुनिक दौर में स्वस्थ जीवन शैली के लिए समय के महत्व को बताया, संयमित, संतुलित आहार,दिनचर्या और स्वस्थ जीवन शैली के लिए महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी में आरोग्य भारती के उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव सचिव बृज किशोर शर्मा एवं बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।






## मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के प्रवचन सुनने उमड़े श्रद्धालु

# 'मन अपनी कम दूसरों के संबंध में सोचता है ज्यादा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मन अपने संबंध में कम सोचता है दूसरो के संबंध में अधिक सोचता है किसी की बुराई की बात ध्यान आते ही ऐसा डूब जाता है कि उसे ख्याल ही नहीं रहता वह है कहा क्या करने निकला था और क्या कर रहा है यदि इस मन से कह दिया जाये के तू अपने आप को तो देख उसकी दृष्टि अपने आप पर जाएगी ही नहीं जरा अपनी नाशिका पर ध्यान लगाकर देखें अपनी आत्मा के चिंतन में एक मिनिट को भी आपका मन नहीं टिकेगा हमारे पास अपने आप के लिए समय ही नहीं है जब देखो दूसरे के लिए ही सोचते रहते हैं अपने मन को थोड़ा लगाम दो और अपनी ओर आने की कोशिश करो।

### बच्चों की जिद पूरी नहीं करना

उन्होंने कहा कि कभी बेटे की इच्छा पूरी नहीं करना शायद ही कोई ऐसा बेटा बिटिया होगे जिसने अपने मां बाप से इच्छाएं पूरी नहीं कराई होगी यह तक की बच्चे धमकी तक दे देते हैं धमकी देने वाला कभी मरता नहीं है ये दुर्योधन की तरह है दुर्योधन ने यही तो किया था धृतराष्ट्र को धमकीं देकर एक चाल चली राज आज्ञा से धूतक्रिड़ा आयोजित की गई उसे पता था कि धर्मात्मा की सबसे बड़ी कमजोरी बड़े की आज्ञा का पालन करना और सकुनी मामा ने उन्हें किस तरह से निपटाया और क्या हुआ आप को पता है ये तो सतयुग की बात थी आज तो घर घर में दुर्योधन पैदा हो रहे हैं यहां मोटीवेशन अपने बेटे बेटियों की ज़िदों को पूरा नहीं करना आप कुछ भी नियम मत लेना एक ही नियम ले लै मैं अपनी इच्छाओं की पूर्ति माता पिता से नहीं कराऊंगा।

### छिंदवाड़ा से आए श्रद्धालुओं ने मुनिश्री से आशीर्वाद लिया



इसके पूर्व आज छिंदवाड़ा जैन समाज से सवा सौ श्रद्धा लुओ के साथ ही महिला मंडल को आज परम पूज्य गुरुदेव मुनिपुंगव श्रीसुधा सागर जी महाराज की महा पूजा का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज सभ्यता गर्त में जा रही है सभ्यता और संस्कृति बचाने के लिए हमें संतों की शरण में जाना होगा श्रमण संस्कृति के रक्षक के रूप में आज हमारे गुरुदेव सब कुछ कर रहे हैं परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर की शुरूआत हुई और आज सैकड़ों विद्वान और विदूशिया देशभर में धर्म संस्कृति संस्कार सम्भता के लिए कार्य कर रहे हैं आने वाले दिनों में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर का व्रहद कार्यक्रम अशोक नगर जैन समाज को आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त होगा इस दौरान छिंदवाड़ा जैन समाज के पदाधिकारियों का जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई संयोजक मनोज रन्नौद थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो ने बहुमान किया।

### रोटरी क्लब रोटरेक्ट इनर व्हील क्लब का हुआ विशेष सत्र

जिला मुख्यालय की प्रमुख समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रोटरेक्ट इनर व्हील क्लब के सदस्य ने मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में जिज्ञासा समाधान रखने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके पहले आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन रोटरी अध्यक्ष अजित कुमार एल आई सी रोशन कोहली कमल सड़ाना डॉ राकेश मंजू नामदेव वी डी गुप्ता सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया जिनका सम्मान विपिन सिंघई अजित वरोदिया मनोज भैसरवास शालू भारत सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया इस दौरान सभी ने गुरु चरणों में अपनी भाव रखी इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि क्लब का मतलब एक विचार का समूह जो धनवानों और गरीब जरूरतमंद अशाह गरीब बीमार व्यक्ति के बीच का सेतु बने पात्रलोगोंतक अमीर आदमी से धन लेकर उनकी आवश्यक सेवा करें तव इन क्लब और संस्थाओं की सार्थकता होगी।